# छात्रों ने 13 ग्रामो को किया खुले में शौच से मुक्त

म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड कट्ठीवाड़ा जिला अलीराजपुर में विकासखण्ड कट्ठीवाड़ा के 13 ग्रामों में बीएसडब्ल्यू छात्रो के माध्यम से खुले में शौच मुक्त हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 01 दिन पूर्व ग्राम में जाकर ग्रामवासियों के साथ बीएसडब्ल्यू छात्रों द्वारा पीआरए कराकर ग्रामवासियों द्वारा ग्राम का मानचित्र बनाया गया एवं उसमें खुले में शौच करने से होने वाली बीमारियों एवं हानियों से अवगत कराया। अगले दिन प्रातः काल 5 बजे ग्राम में जाकर लोगों को खुले में शौच न करने की समझाईश दी गयी। इस अभियान में प्रभारी कलेक्टर श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा ग्राम करेली मवड़ी एवं हवेलीखेड़ा में भ्रमण एवं बैठक कर गामीणों को घरो में शौचालय बनवाने हेतु प्रेरित किया। खुले में शौच मुक्ति पर सभी ग्रामवासियों को घर-घर जाकर संकल्प दिलाकर 13 ग्राम (हवेलीखेड़ा, करेलीमवड़ी, काबरीसेल, ध्यान, सयड़ा, वाव, आम्बाडबेरी, गोलाम्बा, इंदलावाट, कराह, मोरियागॉव, मोटी बड़ोई एवं पप्टार) को पूर्ण रूप से खुले में शौच मुक्त कराया गया।

**तोलिया डामोर**
विकासखण्ड समन्वयक कट्ठीवाड़ा,
जिला अलीराजपुर, म.प्र.ज.अ.प.